**4.** निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर दीजिए– **8×2=16**

(क) हिन्दी उपन्यास के उद्‌भव एवं विकास पर प्रकाश डालिए ।

(ख) आधुनिक काल की परिस्थितियों का वर्णन कीजिए ।

(ग) हिन्दी कहानी के उद्‌भव एवं विकास पर लेख लिखिए ।

(घ) हिन्दी नाटक के विकास पर चर्चा कीजिए ।

**5.** निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग **150** शब्दों में दीजिए– **5×2=10**

(क) आधुनिक काल की सामाजिक व धार्मिक परिस्थितियों पर प्रकाश डालिए ।

(ख) हिन्दी नाटक में भारतेन्दु का स्थान निश्चित कीजिए ।

(ग) प्रेमचन्द युग के उपन्यासों का परिचय दीजिए।

(घ) हिन्दी कहानी के उद्‌भव पर संक्षिप्त टिप्पणी कीजिए ।



**No. of Printed Pages : 06** **Roll No. .......................**

# 32202

## B.A. (Hons. and Subsidiary) EXAMINATION, 2025

(Fourth Semester)

(Re-appear Only)

HINDI (Compulsory)

*Time :* 3 *Hours*] [*Maximum Marks :* 80

Before answering the question-paper, candidates must ensure that they have been supplied with correct and complete question-paper. No complaint, in this regard will be entertained after the examination.

**नोट** : सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।

**1.** निम्नलिखित अवतरणों में से किन्हीं **दो** की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : **2×5=10**

(क) अपने साहसिक अभियान में अरुण बंदी हुआ और दुर्ग उल्का के आलोक में अतिरंजित हो

गया । भीड़ ने जयघोष किया । सबके मन में उल्लास था । श्रावस्ती-दुर्ग आज एक दस्यु के हाथ में जाने से बचा था । आबाल-वृद्ध-नारी आनन्द से उन्मत्त हो उठे ।

(ख) मुझे याद है.........मेरी माँ जब कभी सिरचन को बुलाने कहती, मैं पहले ही पूछ लेता, "भोग क्या-क्या लगेगा ?" माँ हँसकर कहती, "जा-जा, बेचारा मेरे काम में पूजा-भोग की बात नहीं उठाता कभी ।"

(ग) संटी फेंककर ईसुरिया ने अपनी बाँहें फैला दीं। सलूका उघाड़ दिया, गहरी खरोंचों और घावों को देखकर सखियों के होंठ उदास हो गये । खिलते चेहरों पर पाला पड़ गया, मास्साब ! हँसी-दिल्लगी ठिठुरकर ठूँठ हो गई !

(घ) चिमटे ने सभी को मोहित कर लिया, लेकिन अब पैसे किसके पास धरे हैं ! फिर मेले से दूर निकल आये हैं, नौ कब के बज गये, धूप तेज हो रही है । घर पहुँचने की जल्दी हो रही है । बाप से जिद भी करें तो चिमटा नहीं मिल सकता है । हामिद है बड़ा चालाक ! इसलिए बदमाश ने अपने पैसे बचा रखे थे।



**2.** निम्नलिखित में से किसी **एक** प्रश्न का उत्तर दीजिए– **8×1=8**

(क) 'ईदगाह' कहानी के आधार पर हामिद का चरित्र-चित्रण कीजिए ।

(ख) 'फैसला' कहानी के उद्देश्य को स्पष्ट कीजिए।

**3.** निम्नलिखित में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर लगभग **150** शब्दों में दीजिए– **4×4=16**

(क) 'पुरूस्कार' कहानी की तात्विक समीक्षा कीजिए।

(ख) 'ठेस' कहानी के नामकरण की सार्थकता स्पष्ट कीजिए ।

(ग) 'पच्चीस चौका डेढ़ सौ' कहानी के आधार पर सुदीप का चरित्र-चित्रण कीजिए ।

(घ) 'मलबे का मालिक' कहानी के आधार पर साम्प्रदायिक दंगों व मनुष्य के स्वार्थों का वर्णन कीजिए ।

(ङ) वसुमति का चरित्र-चित्रण 'फैसला' कहानी के आधार पर कीजिए ।

(च) मोहन राकेश की भाषा-शैली पर प्रकाश डालिए।

(च) हिन्दी का पहला उपन्यास किसे माना जाता है ?

(छ) 'उसने कहा था' किसकी प्रसिद्ध कहानी है ?

(ज) मुंशी प्रेमचन्द की किन्हीं **दो** कहानियों के नाम लिखिए ।

(झ) Candidate का हिन्दी पारिभाषिक शब्द लिखिए।

(ञ) Basic Pay शब्द का हिन्दी पारिभाषिक शब्द लिखिए।

❖❖❖❖❖❖❖❖



**6.** निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर दीजिए–

**5×2=10**

(क) पारिभाषिक शब्दावली के गुणों पर प्रकाश डालिए ।

(ख) पारिभाषिक शब्दावली के अर्थ एवं महत्त्व पर प्रकाश डालिए ।

(ग) पारिभाषिक शब्दावली के निर्माण में समन्वयवादी सम्प्रदाय के योगदान को स्पष्ट कीजिए ।

(घ) पारिभाषिक शब्दावली के निर्माण में अन्तर्राष्ट्रीयतावादी सम्प्रदाय के महत्व को बताइए।

**7.** निम्नलिखित सभी प्रश्न करने अनिवार्य हैं–

**10×1=10**

(क) 'ईदगाह' कहानी का नायक कौन है ?

(ख) 'फैसला' कहानी की लेखिका कौन है ?

(ग) 'पुरुस्कार' कहानी की मधुलिका किससे प्रेम करती है ?

(घ) 'ठेस' कहानी का लेखक कौन है ?

(ङ) अब्दुल गनी किस कहानी का पात्र है ?